CMYK
Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com

सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सायं 6:08 बजे

सूर्योदय
उत्तराखण्ड में बुधवार
सुबह 6:42 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ




हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 220 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | मंगलवार, 24 फरवरी 2026

चर्चा के बीच दुबई में नजर...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### खनन कारोबारी ने लाइसेंसी पिस्टल से की खुदकुशी

हल्द्वानी। चोरगलियां क्षेत्र में एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां एक खनन कारोबारी ने अपनी लाइसेंसी पिस्टल से खुद को गोली मार ली। घटना के बाद परिवार में हड़कंप मच गया। गंभीर हालत में परिजन उन्हें हल्द्वानी के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद खनन कारोबारी कमलेश बेलवाल को मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि पारिवारिक विवाद के चलते कारोबारी ने यह आत्मघाती कदम उठाया। पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है। पुलिस ने घटनास्थल से लाइसेंसी पिस्टल और अन्य सबूत बरामद किए हैं। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच के बाद ही आत्महत्या के कारणों का पता चल पाएगा।

### बनभूलपुरा में सट्टा खेलते युवक गिरफ्तार

हल्द्वानी। थाना बनभूलपुरा पुलिस ने शांति व्यवस्था ड्यूटी के दौरान सट्टा खेलते हुए एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से सट्टा पर्ची, तथा 1960 नगद बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया है
पुलिस के अनुसार पिंकी भाई की दुकान के पास एक लाल रंग का हुड पहने युवक कुछ लोगों से घिरा हुआ कागज पर अंक लिखता दिखाई दिया। शक होने पर पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर युवक को पकड़ लिया, जबकि अन्य लोग मौके से फरार हो गए।
पकड़े गए युवक ने अपना नाम शावेज पुत्र फिदा हुसैन निवासी ताज मस्जिद के पास, नई बस्ती, कोतवाली बनभूलपुरा,
पुलिस ने आमजन से अपील की है कि अवैध सट्टा गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि इस प्रकार के अवैध कार्यों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

## बरसात के दौरान गोला पुल न हो क्षतिग्रस्तः सांसद अजय भट्ट

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

सांसद अजय भट्ट ने सर्किट हाउस सभागार पहुंचकर सिंचाई, लोनिवि, विद्युत विभाग द्वारा संचालित विकास कार्यों की समीक्षा की व जानकारियां ली। सांसद ने सिंचाई विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि बरसात के दौरान गोला पुल को नुकसान न पहुँचे, इसलिए एहतियात जो भी सावधानियां बरतनी है या कार्य किए जाने हैं, समय से पूर्ण कर लिए जाएं। उन्होंने विभिन्न स्थानों पर गोला नदी से भू-कटाव रोकने हेतु तत्काल डीपीआर शासन में भेजने तथा डीपीआर की



एक प्रति उन्हें भी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने युद्धगति से काम करते हुए 15 मार्च तक पन चक्की-कटघरिया नहर कवरिंग कार्य पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान उन्होंने लोक निर्माण विभाग द्वारा किए जा रहे तथा प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों को समयबद्धता तथा गुणवत्ता से पूर्ण किया जाए। उन्होंने बच्ची नगर नहर कवरिंग हेतु प्रस्ताव शासन में भेजने तथा एस्टिमेट की एक प्रति उन्हें भी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने यूपीसीएल (विद्युत विभाग) के कार्यों की समीक्षा के दौरान नाराज़गी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि अभियंता अपने अधीनस्थ कर्मियों की कार्य शैली पर पैनी न ?र रखें, जनहित के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही व चूक न हो। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि विद्युत बिल ज्यादा आने की शिकायत पर नियमानुसार सब मीटर लगाकर जाँच की जाए। उन्होंने क्षतिग्रस्त विद्युत पोल व झूलते हुए तारों की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने इसके साथ ही महत्वपूर्ण दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

बैठक में अधिशासी अभियंता लोनिवि प्रत्यूष कुमार, अधिशासी अभियंता यूपीसीएल प्रदीप कुमार व संदीप कुमार गुप्ता, तहसीलदार कुलदीप पांडे, सहायक अभियंता सिंचाई चंद्रशेखर आर्या, सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह खाती, राजीव जायसवाल, हिमांशु मिश्रा, पूर्व जिला महामंत्री भाजपा कमल नयन जोशी आदि उपस्थित थे।

## हरिद्वार में कुंभः केंद्र सरकार ने जारी किए 500 करोड़

देहरादून
हमारे संवाददाता

उत्तराखंड में 2027 में होने वाले कुंभ मेला की तैयारियों के लिए केंद्र सरकार ने 500 करोड़ की राशि जारी कर दी है। इस राशि के मिलने से कुंभ मेला क्षेत्र में होने वाले अवस्थापना विकास व घाटों के सौंदर्यीकरण समेत अन्य कार्यों में तेजी आएगी। मुख्यमंत्री धामी ने धनराशि जारी करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आभार जताया।

हरिद्वार में जनवरी से अप्रैल 2027 तक कुंभ मेला आयोजन होना है। प्रदेश सरकार ने कुंभ मेला को दिव्य व भव्य रूप से मनाने के लिए तैयारियां शुरू कर दी है। वहीं, कुंभ मेला के लिए केंद्र सरकार ने उत्तराखंड को 500 करोड़ रुपये जारी कर दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, कुंभ मेला केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारत की सनातन संस्कृति, आध्यात्मिक विरासत और सामाजिक समरसता का विश्वविख्यात महापर्व है। केंद्र सरकार की ओर से स्वीकृत धनराशि कुंभ मेला 2027 को दिव्य, भव्य और सुव्यवस्थित स्वरूप



प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इससे आधारभूत ढांचे के सुदृढ़ीकरण, यातायात प्रबंधन, पेयजल, स्वच्छता, सुरक्षा व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़े कार्यों को गति मिलेगी।

सीएम ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का देवभूमि उत्तराखंड से विशेष जुड़ाव है। राज्य के विकास में प्रधानमंत्री ने कभी निराश नहीं किया है। चारधाम परियोजना, ऑल वेदर रोड, रेल व हवाई कनेक्टिविटी के विस्तार के साथ ही विभिन्न विकास कार्यों में केंद्र का सहयोग राज्य के लिए संबल सिद्ध हुआ है। कुंभ मेला 2027 के सफल आयोजन के लिए केंद्र सरकार का सहयोग राज्य सरकार के संकल्प को और मजबूती प्रदान करेगा।

मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि केंद्र और राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों से कुंभ मेला 2027 ऐतिहासिक, सुरक्षित और सुव्यवस्थित आयोजन के रूप में स्थापित होगा तथा देश-विदेश से आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को उत्कृष्ट सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्ता पूर्ण कार्य सुनिश्चित करते हुए दिव्य और भव्य कुंभ मेला 2027 आयोजित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## प्रदेश में कल से फिर बदलेगा मौसम का मिजाज, पहाड़ों में बारिश-बर्फबारी की संभावना

देहरादून
हमारे संवाददाता

प्रदेश में एक बार फिर मौसम का मिजाज बदलेगा। 25 से 26 फरवरी तक प्रदेश भर में मौसम शुष्क रहेगा। उत्तराखंड के पर्वतीय इलाकों में एक बार फिर मौसम बदलने की संभावना है।

मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले में हल्की बारिश और बर्फबारी के आसार जताए हैं। जबकि प्रदेश के तीन हजार से अधिक ऊंचाई इलाकों में बर्फबारी की अधिक संभावना है। हालांकि अन्य जिलों में मौसम शुष्क रहेगा। सोमवार के मौसम की बात करें तो दिन में बादलों के पीछे सूर्य की आंख मिचौली देखने को मिली। हालांकि तापमान में कोई खास गिरावट देखने को नहीं मिली। दून में दिन का अधिकतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री बढ़ोतरी के साथ 26.8 डिग्री रहा।

जबकि न्यूनतम तापमान भी सामान्य से तीन डिग्री इजाफे के साथ 12.7 डिग्री रहा। ऐसा ही हाल प्रदेश के अन्य इलाकों का भी रहा। आने वाले दिनों की बात करें तो 24 फरवरी को भी प्रदेश में मौसम का मिजाज कुछ ऐसा रहेगा। जबकि 25 से 26 फरवरी तक प्रदेश भर में मौसम शुष्क रहेगा।



## सुशीला तिवारी मेडिकल कॉलेज को बम से उड़ाने की धमकी, प्रशासन अलर्ट

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

शहर के प्रमुख सरकारी अस्पताल एवं मेडिकल संस्थान सुशीला तिवारी मेडिकल कॉलेज को बम से उड़ाने की धमकी भरा ई-मेल मिलने से हड़कंप मच गया। ई-मेल मिलते ही कॉलेज प्रशासन ने तत्काल पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियां मौके पर पहुंच गईं।

बताया जा रहा है कि धमकी भरा मेल कॉलेज के आधिकारिक ई-मेल आईडी पर भेजा गया। सूचना मिलते ही अस्पताल परिसर और मेडिकल कॉलेज भवन में सघन तलाशी अभियान चलाया गया। बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वॉड की टीमों ने पूरे परिसर की जांच की। एहतियात के तौर पर अस्पताल परिसर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। मरीजों और तीमारदारों में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल रहा, हालांकि प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, ई-मेल भेजने वाले की पहचान करने के लिए साइबर टीम को लगाया गया है। प्रारंभिक जांच में इसे शरारती तत्व की हरकत माना जा रहा है, लेकिन हर पहलू से जांच की जा रही है।

फिलहाल कॉलेज परिसर में स्थिति सामान्य बताई जा रही है और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि मामले में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## एयर एम्बुलेंस क्रैशः चतरा में सात जिंदगियां खत्म

झारखंड
एजेंसी

झारखंड के चतरा जिले में हुए एयर एम्बुलेंस विमान हादसे ने पूरे राज्य को झकझोर कर रख दिया है। दुर्घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों की घंटों की मशक्कत और प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई से जंगल में बिखरे विमान के मलबे का पता लगाया गया। मलबे से सात लोगों के शव बरामद किए गए। मृतकों में एक महिला समेत छह पुरुष शामिल हैं।

हादसे की फोरेंसिक जांच के लिए दिल्ली से विशेषज्ञों की टीम चतरा पहुंच रही है। एहतियातन पुलिस और प्रशासन ने दुर्घटनास्थल को घेरकर जांच शुरू कर दी है। मौके पर उपायुक्त कीर्ति जी, पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल, अपर समाहर्ता



अरविंद कुमार, सिमरिया एसडीओ महेश्वरी यादव सहित कई प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस बल और अर्द्धसैनिक बल के जवान तैनात हैं। कड़ी सुरक्षा के बीच सभी शवों को निकालकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, चतरा भेजा गया।

जानकारी के अनुसार रेड बर्ड एविएशन कंपनी की एयर एम्बुलेंस रांची से दिल्ली के लिए रवाना हुई थी। मंगलवार शाम करीब साढ़े सात बजे सिमरिया थाना क्षेत्र के करमाटांड़ जंगल के पास विमान का एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) से अचानक संपर्क टूट गया। इसके बाद विमान अनियंत्रित होकर क्रैश हो गया। संपर्क टूटते ही विमानन अधिकारियों ने हाई अलर्ट जारी कर सर्च एंड रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। रडार लोकेशन के आधार पर प्रशासन और ग्रामीणों ने रातभर खोज अभियान चलाया। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट अथॉरिटी के अनुसार विमान में दो पायलट कैप्टन विवेक विकास भगत और कैप्टन स्वरजदीप सिंह, मरीज संजय कुमार, उनकी पत्नी अर्चना देवी, रिश्तेदार धीरू कुमार, डॉक्टर विकास कुमार गुप्ता और पैरामेडिकल स्टाफ सचिन कुमार मिश्रा सवार थे। चतरा सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. पंकज ने सभी सात लोगों की मौत की पुष्टि की है। बताया गया कि लातेहार जिले के चंदवा निवासी 41 वर्षीय संजय कुमार 55 प्रतिशत झुलसने के बाद बेहतर इलाज के लिए दिल्ली ले जाए जा रहे थे।

# हाईकोर्ट में चला सघन चैकिंग अभियान

नैनीताल

हमारे संवाददाता



जिले के पुलिस कप्तान डॉ.0 मंजुनाथ टी0सी0 के निर्देशन में सोमवार को एसपी नैनीताल डॉ0 जगदीश चंद्र के पर्यवेक्षण में राकेश बिष्ट मुखय सुरक्षा अधिकारी0 उच्च न्यायालय उत्तराखंड नैनीताल तथा प्रभारी निरीक्षक मल्लीताल व बीडीएस तथा डॉग स्क्वाड समेत पुलिस टीमों द्वारा उच्च न्यायालय उत्तराखंड नैनीताल में सघन चैकिंग अभियान चलाया। इस दौरान परिसर में आवागमन करने वाले प्रत्येक व्यक्ति पर पैनी नजर रखी गयी। इस मौके पर पर पुलिस कप्तान ने अपने अधीनस्थ अधिकारियों/कार्मिकों को पुखता सुरक्षा प्रबंध करने के सखत निर्देश दिए गए। अभियान के तहतसभी प्रवेश गेट तथा बरियरों पर पुलिस व्यवस्था का आंकलन किया गया,उच्च न्यायालय में प्रत्येक गेटों से प्रवेश करने वाले व्यक्तियों व न्यायालय के अधिवक्ता, लिटिगेंट, अधिकारी व कार्मिकों हेतु श्रेणीवार व्यवस्थाओं को बनाने के निर्देश दिए। उच्च न्यायालय की सुरक्षा व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ करने के लिए सुरक्षा ऑडिट टीम को एक उच्चीकृत सिकयोरिटी स्कीम को तैयारी करने के निर्देश दिए जिसे उच्चाधिकारियों, शासन को प्रेषित किए जाने की कार्यवाही की जाएगी। एक प्रभावी सीसीटीवी ग्रिड तैयार कर कैमरों का व्यवस्थापन किया जाय। उच्च न्यायालय की सुरक्षा व्यवस्था में लगे पुलिस बल, वायरलेस, चौकी, फायरए टीमों की नफ री का भी आंकलन किया गया। सुरक्षा ऑडिट कॉमिटी को एक सुव्यवस्थित कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान डॉ जगदीश चन्द्र एसपी नैनीताल, रेवाधर मठपाल एसपी संचार,राकेश बिष्ट मुखय सुरक्षा अधिकारी उच्च न्यायालय, सुमित पांडे सीओ रामनगर, गौरव किरार मुखय अग्निशमन अधिकारी नैनीताल, हेम चंद्र पंत प्रभारी निरीक्षक हल्द्वानी, ज्ञानेंद्र शर्मा निरीक्षक अभिसूचना, हरकेश सिंह प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाईन, राजकुमार बिष्ट निरीक्षक पुलिस दूर संचार, श्रीमती निधि राणा निरीक्षक अभिसूचना उच्च न्यायालय तथा कंपनी कमांडर 46 पीएसी समेत अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मी मौजूद रहे।



# पूजा ने परिणय सूत्र में बंधने से पूर्व किया पौधरोपण

नैनीताल

हमारे संवाददाता

राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान सोमवार को 588वें दिन भी जारी रहा।

पौधारोपण अभियान के 588वें दिन पौधारोपण को विवाह समारोह से जोड़ने के कार्यक्रम के तहत डीडीहाट के लधडा निवासी पूरन सिंह बोरा व जानकी देवी की पुत्री पूजा ने परिणय सूत्र में बधने से पूर्व एक पौधा धरती मां के नाम के तहत पौधा रोपण किया। पूरन सिंह बोरा ने कहा कि इस शुभ कार्य में पौधारोपण अभियान से जुड़ना प्रकृति की सेवा है। पूरन सिंह व जानकी देवी ने कहा कि अब वह इस पौधे का संरक्षण परिवार के सदस्य के रूप में करेंगे । पूजा ने कहा कि अब वह अपनी हर सालगिरह पर पौधारोपण करेंगी। कार्यक्रम में आरसीसी कंपनी के राजेंद्र सिंह चूफाल, समाजसेवी विपिन जोशी, सामाजिक कार्यकर्ता प्रदीप कन्याल,अर्जुन कन्याल, अघोषित राज्य आंदोलनकारी नवीन कफ लिया, ग्राम प्रधान लधड़ा विक्रम सिंह बोरा, कुंदन सिंह, शिव राज बोरा, सुंदर सिंह कफ लिया सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। दिनेश गुरुरानी ने कहा कि उनका पौधारोपण अभियान जारी रहेगा।

# नैनीताल में कल विकसित भारत युवा संसद का आयोजन

नैनीताल

हमारे संवाददाता




मेरा युवा भारत नैनीताल (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वय से विकसित भारत युवा संसद का आयोजन 25 फरवरी (बुधवार) को प्रातः 11 बजे से सेमिनार हॉल, कुविवि के डीएसबी परिसर नैनीताल में किया जा रहा है।

मेरा युवा भारत नैनीताल की उप निदेशक डॉल्वी तेवतिया ने बताया कि इस जिला स्तरीय कार्यक्रम का मकसद युवाओं को लोकतांत्रिक मूल्यों समेत संसदीय परंपराओं एवं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना है इस वर्ष युवा संसद का विषय आपातकाल के 50 वर्ष भारतीय लोकतंत्र के लिए सीख निर्धारित किया गया है। तेवतिया के मुताबिक प्रतिभागियों को अपने विचार प्रस्तुत करने के लिए 3 मिनट का समय दिया जाएगा। इसमें 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के युवा (01 0सितंबर 2025तक) भाग लेने के पात्र होंगे। इच्छुक युवा निर्धारित तिथि को सीधे कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित होकर सहभागिता कर सकते हैं। विकसित भारत युवा संसद 2026 युवाओं को अपने विचार व्यक्त करने, समसामयिक राष्ट्रीय मुद्दों पर संवाद करने तथा नेतृत्व एवं वक्तृत्व कौशल विकसित करने का एक सशक्त मंच प्रदान करेगा। इस जिला स्तरीय आयोजन में प्रतिभागियों के प्रदर्शन के आधार पर 01 0प्रतिभागियों का चयन राज्य स्तर के लिए किया जाएगा। इसके पश्चात प्रत्येक राज्य से 3 श्रेष्ठ प्रतिभागियों का चयन राष्ट्रीय स्तर के लिए किया जाएगा।

राष्ट्रीय स्तर का विकसित भारत युवा संसद 2026 संसद नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा जो चयनित युवाओं के लिए गौरवपूर्ण और प्रेरणादायक अवसर होगा। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक सभी युवाओं से अनुरोध कर अपील की है कि वे 25 फ रवरी (बुधवार) को एक पासपोर्ट साइज फोटो एवं पहचान पत्र की फ ोटोप्रति साथ लाकर सहभागिता सुनिश्चित करें।

## NEWS / फटाफट

### कूटा ने पांडेय के निधन पर जताया शोक

**नैनीताल** । कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (कूटा) ने पंतनगर विवि से अवकाश प्राप्त स्टेटिस्टिकस आफिसर सुरेश चंद्र पांडेय (69) के निधन पर गहरा दुखख व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी है। कूटा के मुताबिक सुरेश चंद्र पांडेय का हल्द्वानी में रविवार को पंचक्की चौराहा दोनहरियां में दुर्घटना में निधन हो गया था । सोमवार को रानीबाग में उनका अंतिम संस्कार किया गया । सुरेश चंद्र पांडे की दो बेटियां हैं एक इंजीनियर तथा दूसरी क्वालिटी कंट्रोल विभाग में अधिकारी है । मंगलवार को उनकी दोनों बेटियों परंपरा से इतर अपने पिता को मुखाग्नि थी। आतिशी पांडे और काव्या पांडे ने पिंड दान सहित पूर्ण अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूर्ण की। कूटा के अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी, पूर्व निदेशक डॉ जगदीश दुर्गापाल सहित एलुमनी सेल डॉ बी एस कालाकोटी, डॉ एस एस सामंत, ज्योति कांडपाल तथा डॉ मीणा पांडे ने गहरा दुःख व्यक्त किया है।

### सैनिक स्कूल के कौशल नौ सैनिक के रुप में चयनित



**नैनीताल**। नगर के प्रतिष्ठित भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता ने बताया कि विद्यालय के मेधावी छात्र कौशल चंद्र विश्वकर्मा पुत्र नरेश कुमार का भारतीय नौसेना में नौ सैनिक के रुप चयन से विद्यालय परिवार ओर उनके परिवार में खुशी का माहौल है। प्रधानाचार्य मेहता के मुताबिक आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से ताल्लुक रखने वाले कौशल चंद्र विश्वकर्मा ने कठोर परिश्रम व लगन से यह मुकाम हासिल हो पाया है। कौशल की प्रारंभिक पढ़ाई भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय नैनीताल से हुई और विद्यालय के शिक्षकों द्वारा उन्हें पूरा सहयोग किया गया और उन्होंने विद्यालय से नेवल एनसीसी कैडेट्स होने का भी गौरव प्राप्त किया। वर्तमान में वह नगर के स्टाफ हाउस क्षेत्र में रहते हैं और इसके अलावा हॉकी और फुटबॉल में भी ये नेशनल खेल चुके हैं। कौशल चंद्र विश्वकर्मा का पैतृक गांव जनपद चंपावत जिले में स्थित है। दूसरी ओर भारतीय नौ सेना में चयन से पूरे गांव में हर्ष और गर्व का माहौल है,चयन पर कौशल को ग्रामवासी और क्षेत्रवासी बधाइयां दे रहे हैं। भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के मैनेजर ज्योति प्रकाश समेत कालेज परिवार ने कौशल के चयन पर खुशी जाहिर की है।

### रेस्टोरेंट, होटल व ढाबा के कर्मियों हेतु जरूरी है मेडिकल जांच

**नैनीताल** । अब रेस्टोरेंट, होटल तथा ढाबों में काम करने वाले कर्मचारियों को सत्यापन के साथ उनके संक्रमित न होने की मेडिकल रिपोर्ट भी साथ रखनी होगी। मेडिकल रिपोर्ट नहीं होने पर संचालक के खिलाफ़ कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान साफ. सफ ई के अलावा होटलों और ढाबों के कर्मचारियों की मेडिकल रिपोर्ट भी देखी जा रही है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी अभय कुमार सिंह ने बताया कि नियमों के अनुसार अब रेस्टोरेंट, ढाबों व होटल स्वामियों या संचालकों को वहां काम करने वाले कर्मचारियों की मेडिकल रिपोर्ट भी साथ रखनी होगी। इसमें कर्मचारी को किसी भी प्रकार के संक्रमण के न होने की पुष्टि डाकटर ने की हो। बताया कि मेडिकल रिपोर्ट नहीं मिलने पर संचालक के खिलाफ खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि होली से पहले चैकिंग अभियान चलाया जाएगा। इससे पहले सभी रेस्टोरेंट, ढाबे व होटल संचालक अपने कर्मचारियों की मेडिकल रिपोर्ट बनाकर अपने पास रखें। वहां खाना खाने के लिए आने वाले लोगों को संक्रमण का खतरा ना होए इसके लिए विभाग सचेत हो गया है।

### नैनीताल में बादल और कोहरे से दिन में बढी ठंड

**नैनीताल** । सरोवर नगरी नैनीताल में सोमवार दिन में छाए बादलों ने ठंड में इजाफा कर दिया है। तापमान में गिरावट आ गई तो लोग हीटर सेकने को मजबूर हुए। मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार (आज) को पश्चिमी विक्षोभ का असर देखने को मिलेगा। नगर में सुबह के समय खिली धूप से मौसम बदलने का जरा भी एहसास नहीं था लेकिन दोपहर होते ही मौसम ने रंग बदलना शुरू कर दिया। पहले बादल आए तो इसके बाद कोहरा छाना शुरू हो गया। इस बीच वर्षा के कयास भी लगाए जाने लगे। मौसम बदलते ही ठंड में यकायक बढ़ोतरी हो गई। लोग दिन में ही हीटर का सहारा लेने को मजबूर हुए। इधर मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से मौसम में बदलाव आएगा। हल्की बारिश की संभावना रहेगी।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

पूर्व प्रधान संपादकः
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्सः05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्नी बाबू राजपूत

# काशीपुर में कर्मचारी 3.5 लाख रुपये का लैपटॉप व सामान लेकर फरार

नैनीताल

हमारे संवाददाता

गिन्नीखेड़ा स्थित कोल्ड ब्रिज एयर कोन फ र्म का एक कर्मचारी लगभग 3.5 लाख रुपये का लैपटॉप और अन्य सामान लेकर फरार हो गया है। फ र्म स्वामी सर्वजीत सिंह ने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।



नैनीताल कोतवाली पुलिस को दी शिकायत में सर्वजीत सिंह ने बताया कि उन्होंने 24 जनवरी 2026 को मौ शकीब अनवर नाम के युवक को काम पर रखा था। शकीब को नैनीताल के कार्यस्थल पर भेजा गया था।

चार दिन पहले ही उसे 75 हजार रुपये का एक नया लैपटॉप भी दिया गया था। रविवार रात तक शकीब से फ ोन पर बात हुई लेकिन सोमवार सुबह से वह नैनीताल से गायब है। फ र्म मालिक के अनुसार शकीब लैपटॉप सहित कुल 3.5 लाख रुपये का सामान लेकर फरार हुआ है। फ रार हुए कर्मचारी ने विभिन्न स्थानों से भी सामान चुराया है, वहीं गुरविंदर सिंह वैशाली कॉलोनी काशीपुर स्थित जगह से लगभग 1.5 लाख रुपये का कॉपर तार गायब है। ईसी ग्रीन रिसॉर्ट के कार्यस्थल से 55 हजार रुपये का कॉपर और अन्य सामग्री चोरी हुई है। इसके अतिरिक्त फ र्म के स्टोर से भी 700 हजार रुपये का कॉपर और अन्य सामान गायब पाया गया है। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हेम चंद्र पंत ने बताया कि मामला काशीपुर का है लेकिन शिकायत कर्ता की शिकायत के आधार पर मामले में जांच की जा रही है।

# 121 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार किया

नैनीताल

हमारे संवाददाता



नशे के खिलाफ अभियान में नैनीताल पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। जिले के पुलिस कप्तान डॉ. मंजूनाथ टीसी के निर्देशन में पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की है। इसी क्रम में जिले की बनभूलपुरा पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने 121 ग्राम अवैध स्मैक के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

सोमवार को पुलिस लाइन नैनीताल में पत्रकार वार्ता कर पुलिस कप्तान डॉ. मंजूनाथ टीसी ने बताया कि रविवार को एसपी हल्द्वानी मनोज कुमार कत्याल एवं सीओ हल्द्वानी अमित कुमार के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक बनभूलपुरा दिनेश सिंह फर्त्याल के नेतृत्व में चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान गौला बाईपास रोड के पास एक संदिग्ध युवक को रोका गया। तलाशी लेने पर उसके पास से 121 ग्राम स्मैक बरामद हुई। गिरफतार अभियुक्त की पहचान मोहमद उमर निवासी अजीज गती थाना बहेड़ी (जिला बरेली)यूपी के रूप में हुई है जो वर्तमान में टांडा शेखपुरा में रह रहा था। आरोपी के खिलाफ कोतवाली बनभूलपुरा में मुकदमा दर्ज किया गया है। इस कार्रवाई को सफल बनाने वाली टीम में एसआई मनोज यादव, कांस्टेबल दिलशाद अहमद, भूपेंद्र जेष्ठा तथा अरुण राठौर शामिल रहे।

पुलिस कप्तान ने कहा कि नशे के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत अन्य क्षेत्रों में भी पुलिस को बड़ी सफलताएं मिली हैं। रामनगर में पुलिस ने 9.84 किलोग्राम अवैध गांजे के साथ एक तस्कर को गिरफतार किया जबकि लालकुआं क्षेत्र में 7.68 ग्राम स्मैक के साथ दो अभियुक्तों को गिरफतार कर जेल भेजा गया। उन्होंने कहा कि नशे का कारोबार करने वाले अपराधियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई आगे भी इसी तरह सख्ती से जारी रहेगी। नैनीताल पुलिस का संकल्प जिले को पूरी तरह नशामुक्त बनाने का है और इस दिशा में किसी भी स्तर पर कोई ढिलाई नहीं बरती जाएगी।

# अभिमत

## शक्ति का बोध!

*टेक्सटाइल कारोबारी एवं निर्यातक मांग कर रहे हैं कि उन्हें बांग्लादेश की तरह छूट मिलनी चाहिए। भारत में वस्त्र उद्योग का मजबूत ढांचा है, लेकिन शक्ति के बोध का अभाव है। भारत में खादी ग्रामोद्योग की उपेक्षा के कारण बांग्लादेश सस्ती दरों पर कपड़ा तैयार करने के लिए दुनियाभर में जाना जाता है। कई दशक से खादी ग्रामोद्योग और हैंडलूम बीमार इकाई की तरह अंतिम सांस ले रहा है। खादी वस्त्र स्वतंत्रता सेनानियों और नेताओं की पहचान हुआ करते थे। वर्तमान में नेता ब्रांडेड कंपनियों के आधुनिक फैशन वाले वस्त्रों को प्राथमिकता दे रहे हैं।*

सरकार का दावा है कि भारत दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था वाला देश बन गया है और वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र की श्रेणी में लाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। खुशहाल देश के दावे को सही अथवा गलत साबित करने में उलझना उचित नहीं होगा। मुख्य मुद्दा है कि इतिहास को दोहराना और भूतकाल की याद में खोये रहने से काम नहीं चलता है। वर्तमान में जीने से समस्याओं के समाधान के साथ उज्ज्वल भविष्य की बुनियाद होती है। अमेरिका की नीतियों से डरने से काम नहीं चलेगा। अमेरिका ने बांग्लादेश से आयात होने वाले कपड़े पर आयात शुल्क शून्य कर दिया है। भारत के टेक्सटाइल कारोबारी एवं निर्यातक मांग कर रहे हैं कि उन्हें बांग्लादेश की तरह छूट मिलनी चाहिए। भारत में वस्त्र उद्योग का मजबूत ढांचा है, लेकिन शक्ति के बोध का अभाव है। भारत में खादी ग्रामोद्योग की उपेक्षा के कारण बांग्लादेश सस्ती दरों पर कपड़ा तैयार करने के लिए दुनियाभर में जाना जाता है। कई दशक से खादी ग्रामोद्योग और हैंडलूम बीमार इकाई की तरह अंतिम सांस ले रहा है। खादी वस्त्र स्वतंत्रता सेनानियों और नेताओं की पहचान हुआ करते थे। वर्तमान में नेता ब्रांडेड कंपनियों के आधुनिक फैशन वाले वस्त्रों को प्राथमिकता दे रहे हैं। खादी आश्रम के वस्त्र चलन से बाहर हो गये हैं। हैंडलूम की जगह पॉवर से चलने वाली मशीनों से कपड़ा तैयार किया जा रहा है। हालांकि हैंडलूम के कपड़ों का देश में ही बड़ा बाजार है। कुछ वर्षों तक हैंडलूम के कपड़े भारी मात्रा में नियात होते थे। हैंडलूम से जुड़े परम्परागत बुनकर की नई पीढ़ी अन्य कारोबार से जुड़ती जा रही है। पुश्तैनी दर्जी अपनी संतान को हुनर नहीं सिखा रहे हैं। केन्द्र सरकार यदि गांधी आश्रम, खादी ग्रामोद्योग और हैंडलूम के कुटीर उद्योग को पुनर्जीवित करके आधुनिक डिजाइन और गुणवत्तायुक्त वस्त्र उत्पादित करे तो सूती वस्त्र निर्यात करने वाला दुनिया का पहले नंबर का देश आसानी से बन सकता है। बुनकर और दर्जी भारत में करोड़ों की संख्या में सदियों से हैं। भारत को विश्व गुरु सिर्फ पढ़ाई-लिखाई के लिए नहीं माना जाता रहा है, बल्कि हर तरह के हुनर से भारत की पहचान रही है। सस्ता श्रम भी उपलब्ध है। चीन और अन्य देशों से अर्थव्यवस्था के मामले में मुकाबले के लिए भारत को स्वरोजगार के अंतर्गत अपने हुनरकारों की योग्यता को प्रोत्साहन देने की जरूरत है। श्रम का उपयोग नहीं करने से बेरोजगारी की समस्या गंभीर होती जा रही है।

# नैनीताल में 30वें फागोत्सव का हुआ आगाज

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता



नगर की प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था श्री राम सेवक सभा की ओर से सोमवार को दस दिनी 30वेंफ ागोत्सव-2026 का आगाज हो गया ।

फागोत्सव के शुभारंभ के विशेष मौके पर तल्लीताल धर्मशाला से होली जुलूस निकाला गया,जिसमें महिला होलियारों तथा बाल कलाकारों ने प्रतिभाग लिया,जुलूस तल्लीताल बाजार,माल रोड, खड़ी बाजार,बड़ा बाजार मल्लीताल होते हुए श्री राम सेवक सभा भवन के प्रांगण में पहुंचा।उसके बाद सभी महिला होलियारों की टीमों द्वारा अपनी होली का मंचन किया गया,जिसमें मधुबन महिला होली टीम हल्द्वानी, जय ईष्ट देव होली ग्रुप जज फ ॉर्म हल्द्वानी, अमरावती कॉलोनी बमोरी हल्द्वानी, पार्वती संस्कृतिक कला मंच हल्द्वानी, प्रगति महिला होली दल लालडांठ हल्द्वानी,नई सोच-नई उमंग हल्द्वानी,ऑल इंडिया वूमन कॉन्फ्रेंस भवाली, मां नन्दा सुनंदा होली समिति भवाली, जीवन वर्षा कला संगम समिति मेहरागांव शामिल रही।

इससे पूर्व अतिथियों विधायक सरिता आर्या, नगर पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल,दर्जा मंत्री शांति मेहरा तथा श्री रामसेवक सभा के अध्यक्ष मनोज साह ने संयुक्त रूप दीप जलाकर फागोत्सव 2026 का शुभारंभ किया । होली जुलूस के स्वांग में प्रथम स्थान मां नन्दा-सुनंदा होली समिति भवाली, द्वितीय स्थान प्रगति महिला होली दल लालडांठ हल्द्वानी, तृतीय स्थान नैनी महिला जागृति समिति नैनीताल रही । होली जुलूस के स्वागत में तल्लीताल व्यापार मण्डल का विशेष सहयोग रहा जिसमें अध्यक्ष मारुति नन्दन साह, जयंत उप्रेती,ममता जोशी,नासिर खान,विक्रम राठौड़ व आयुष भंडारी प्रमुख रूप से रहे ।

फागोत्सव के उद्घाटन मौके पर में श्री राम सेवक सभा के महासचिव जगदीश चंद्र बवाड़ी, प्रबंधक विमल चौधरी, उपाध्यक्ष अशोक शाह, पूर्व महासचिव राजेंद्र लाल साह, सभा के पूर्व अध्यक्ष मुकेश जोशी मंटू, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका रोहिताश शर्मा,राम सेवक सभा के सदस्य मोहित लाल साह,कैलाश बोरा, गिरीश भट्ट,भुवन बिष्ट,मिथिलेश पांडे, ललित साह, गिरीश जोशी, हीरा सिंह रावत, गोधन सिंह बिष्ट, हरीश सिंह राणा, रंजीत शर्मा,आनंद सिंह बिष्ट, गोविंद सिंह, बिमल साह कोषाध्यक्ष, अमिता साह, आभा शाह, जीवंती भट्ट, खष्टी बिष्ट, ज्योति ढौंडियाल, मुन्नी तिवारी, प्रीति डंगवाल, भारती साह, सुमन शाह, पुष्पा बवाड़ी, दीपा चौधरी, कलावती असवाल तथा रेखा जोशी आदि होल्यार उपस्थित रहे ।

## भवन मानचित्र स्वीकृत हेतु डीडीए का शिविर आज भीमताल में

नैनीताल । जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण नैनीताल द्वारा नैनीताल, भीमताल तथा भवाली एवं मुक्तेश्वर क्षेत्र के अंतर्गत प्राप्त होने वाले भवन मानचित्रों की स्वीकृति के लिए मंगलवार (आज) को प्रात 11 बजे से विकास भवन सभागार भीमताल में एक दिवसीय विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा।

बता दें शिविर में प्रस्तुत भवन मानचित्रों का स्थल पर ही परीक्षण कर त्वरित निस्तारण करते हुए स्वीकृति प्रदान की जाएगी। मानचित्र स्वीकृति के दौरान विभिन्न विभागों से आवश्यक अनापत्ति प्रमाण पत्र की जरूरत को देखते हुए संबंधित विभागों को भी आमंत्रित किया गया है। संबंधित विभागों के अधिकारी मौके पर ही अनापत्ति जारी कर प्रक्रिया को सरल एवं पारदर्शी बनाएंगे।प्राधिकरण प्रबंधन ने क्षेत्र के भवन स्वामियों, वास्तुविदों एवं संबंधित आवेदकों से निर्धारित तिथि पर आवश्यक अभिलेखों सहित उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

# श्रीराम हिन्दू सेवा समिति के सहयोग से विराट हिंदू सममेलन का हुआ आयोजन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता



श्रीराम हिन्दू सेवा समिति के तत्वाधान में नैनीताल जिले के भीमताल विकास खंड के न्याय पंचायत खुर्पाताल के क्षेत्र मंगोली के श्रीरामलीला मैदान में विराट हिन्दू सममेलन का आयोजन किया गया।

इस दौरान मुख्य अतिथि स्वामी सच्चिदानन्द महाराज समेत नमिता सुयाल ज्योतिषाचार्या तथा डॉ. हेम पाण्डे संघ चालक जिला नैनीताल तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला पंचायत उपाध्यक्षा देवकी बिष्ट मंच में मौजूद रहे। इस दौरान धर्म, संस्कृति और आस्था का भव्य संगम देखने को मिला। सुबह से ही श्रद्धालुओं में भारी उत्साह और आस्था का वातावरण बना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत कलश यात्रा से हुई जिसमें नैनीताल विधायक सरिता आर्या शामिल हुई। क्षेत्र की महिलाशक्ति ने मंदिर से कलश यात्रा का आरंभ किया। भक्ति गीतों और जयकारों के बीच महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए श्रीरामलीला मैदान मंगोली तक भव्य कलश यात्रा निकाली। इसके उपरांत कार्यक्रम का विधिवत् शुभारंभ हुआ। डॉ. हेम पाण्डे ने अपने संबोधन में हिन्दू एकता और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्षों के गौरवशाली सफर को लेकर अपने वक्तव्य प्रस्तुत कि। कार्यक्रम के मुखय अतिथि स्वामी श्री सच्चिदानंद जी महाराज द्वारा हिन्दू संस्कृति और सांस्कृतिक धरोहर पर बात करते हुए हिन्दू एकता पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही जिला पंचायत उपाध्यक्षा श्रीमति देवकी बिष्ट ने अतिथियों एवं समस्त क्षेत्रवासियों का अभिवादन व्यक्त किया। इस दौरान कार्यक्रम में दर्जा राज्य मंत्री दिनेश आर्या समेत हेम चंद्र आर्या, प्रकाश आर्या,मोहित साह, श्रीराम हिन्दू सेवा समिति के अध्यक्ष गणेश सिंह मेहरा, कुन्दन सिंह अधिकारी, हेमन्त कनवाल, दीपक कनवाल आदि मौजूद रहे।कार्यक्रम का संचालन दीवान सिंह मेवाड़ी ने किया।

## फिल्मी दुनिया

# शादी की चर्चा के बीच दुबई में नजर आई तान्या मित्तल





*तान्या मित्तल ने रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' में दर्शकों का खूब मनोरंजन किया था। अपनी अमीरी के किस्से वह शो में सुनाया करती थीं। हाल ही में वह दिल्ली के चांदनी चौक में लहंगे खरीदती दिखीं। लाल रंग का लहंगा भी तान्या से ट्राई किया। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर मौजूद है। इसके बाद ही तान्या मित्तल के फैंस को लगा कि वह शादी करने वाली हैं। दुबई का वीडियो देखकर भी तान्या से फैंस ने पूछा कि वह अपने दूल्हे से कब मिलवा रही हैं। तान्या मित्तल अक्सर कहती हैं कि वह काफी अमीर हैं। लेकिन कई लोगों को लगता है कि वह झूठ बोलती हैं। लेकिन सोमवार को तान्या ने दुबई का एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह एक आलीशान होटल में ठहरी हैं और काफी महंगा ब्रेकफास्ट कर रही हैं। लेकिन ब्रेकफास्ट करने से पहले अपने साथ लाए लहंगों को अलग रखती हैं। लहंगे देखकर ही फैंस ने तान्या से दूल्हे के बारे में कमेंट सेक्शन में सवाल-जवाब किए। तान्या मित्तल शादी कर रही हैं, ऐसी ऑफिशियल अनाउसमेंट उन्होंने नहीं की है। हां, वह एक लहंगा ब्रॉन्ड का प्रमोशन शायद कर रही हैं। वहीं दुबई में सिर्फ घूमने के मकसद से ही गई हैं। तान्या ने बिग बॉस 19 में बताया था कि वह अक्सर दुबई घूमने और बकलावा (एक तरह की मिठाई) खाने जाती हैं। वैसे तान्या के कुछ फैंस को लगता है कि वह अपने किसी रिश्तेदार की शादी में दुबई गई हैं।*

### ब्रॉन्ड का प्रमोशन

*तान्या मित्तल शादी कर रही हैं, ऐसी ऑफिशियल अनाउसमेंट उन्होंने नहीं की है। हां, वह एक लहंगा ब्रॉन्ड का प्रमोशन शायद कर रही हैं। वहीं दुबई में सिर्फ घूमने के मकसद से ही गई हैं। तान्या ने बिग बॉस 19 में बताया था कि वह अक्सर दुबई घूमने और बकलावा (एक तरह की मिठाई) खाने जाती हैं।*

# चोरगलिया में जनरल स्टोर का शटर तोड़ चोरी, नकदी व सामान पर हाथ साफ

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

थाना चोरगलिया क्षेत्र के जसपुर खोलिया में स्थित एक जनरल स्टोर में अज्ञात चोरों ने बीती रात शटर का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। पीड़ित दुकानदार ने पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।



जसपुर खोलिया, बंगर किशनपुर गौलापार निवासी चेतन कबडवाल पुत्र रमेश चन्द्र कब्बडवाल की चन्द्रप्रिया नाम से जनरल स्टोर की दुकान है। उन्होंने थाना चोरगलिया में दी तहरीर में बताया कि दिनांक 23 फरवरी की सुबह करीब 8:30 बजे जब वह अपनी दुकान पर पहुंचे तो दुकान के शटर का ताला टूटा हुआ मिला। दुकान के अंदर जाकर देखा तो सीसीटीवी कैमरे क्षतिग्रस्त पाए गए तथा डीवीआर से भी छेड़छाड़ की गई थी।

अज्ञात चोर दुकान में रखी लगभग 8,000 रुपये की नकदी, सिगरेट के कुछ डिब्बे, लाइटर, घड़ी के सेल तथा एक काले रंग का बैग जिस पर मंगल सेल्स लिखा था, चोरी कर ले गए। पीड़ित ने पुलिस प्रशासन से रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

घटना की सूचना पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है तथा आसपास के क्षेत्र में पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही मामले का खुलासा करने का प्रयास किया जाएगा।

## News कॉर्नर

### वार्ड नंबर 31 का हाल बेहाल टूटी सड़कों व गलियों से जनता है परेशान

हल्द्वानी। बनभूलपुरा क्षेत्र के वार्ड नंबर 31, में महीनों पहले पड़ी सीवर लाइन ने सड़के खोद डाली जिसको अभी तक ठीक नहीं किया गया। वार्ड नंबर 31 के सामाजिक कार्यकर्ता इकराम मिकरानी ने बताया कि रमजान का पवित्र महीना चल रहा है जिससे रोजेदारों को मस्जिद तक पहुंचने में काफी दिक्कत होगा सामना करना पड़ रहा है काफी बार इन गलियों में बने गढ़ों में बच्चों के गिरने से कई बच्चे छोटे हुए हैं रात के अंधेरों व दिन के उजालों तक में चलना लोगों का दुश्वार हो चुका है इकराम मिकरानी ने बताया कई बार अधिकारियों से वार्ता करने के बाद हर बार टालम टोल किया जा रहा है जबकि सीवर लाइन के बाद चेंबर भी नहीं बनाए गए हैं गलियों में हर समय कीचड़ और गंदगी रहती है वार्ड 31 में बने ट्यूबवेल की चार दिवारी भी काफी समय से गिरी हुई है उसे भी अभी तक ठीक नहीं किया गया है यदि समय से इस समस्या का निस्तारण न किया गया तो समस्त वार्ड वासी धरने के लिए बाध्य होंगे।

### हाईकोर्ट ने विकास ढाका के मामले की याचिका को किया निस्तारित

नैनीताल । उत्तराखंड उच्च न्यायालय में हल्द्वानी में क्रिकेट लीग के नाम पर धोखाधड़ी के मामले में मुखय आरोपी विकास ढाका की पुलिस द्वारा नियम विरुद्ध की गई गिरफतारी को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति रविन्द्र मैठाणी व न्यायमूर्ति आशीष नैथानी की खंडपीठ ने उनकी अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र व गिरफतारी पर से रोक लगाए जाने के मामले पर सुनवाई के बाद उनकी याचिकाओं को निस्तारित कर दी क्योंकि विकास को निचली अदालत से पहले ही जमानत मिल चुकी है।

# पनचक्की रोड पर हादसे पर कार्रवाई, ट्रैफिक इंस्पेक्टर लाइन हाजिर

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

पनचक्की चौराहा के पास रविवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे के बाद प्रशासन हरकत में आ गया है। पनचक्की रोड स्थित अंबिका विहार क्षेत्र में हुई दुर्घटना में बुजुर्ग रिटायर्ड वैज्ञानिक सुरेश चंद्र पांडे की मौके पर ही मृत्यु हो गई थी, जिसके बाद क्षेत्र में गहरा आक्रोश देखने को मिला।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल के निर्देश पर ट्रैफिक इंस्पेक्टर महेश चंद्रा को लाइन हाजिर कर दिया गया है। विभागीय सूत्रों के अनुसार यह कदम प्रारंभिक अनुशासनात्मक कार्रवाई के तहत उठाया गया है। पुलिस विभाग का कहना है कि यातायात व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लोगों का कहना है कि लंबे



समय से सड़क की स्थिति खराब थी और निर्माण कार्य के दौरान पर्याप्त सुरक्षा प्रबंध नहीं किए गए। प्रशासन ने दिए जांच के आदेश मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश दिए हैं। सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी ने घटनास्थल का निरीक्षण कर संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। निर्माण कार्य से जुड़ी संस्था को सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। फिलहाल ट्रैफिक इंस्पेक्टर को लाइन हाजिर कर विभागीय प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अब सभी की निगाहें मजिस्ट्रेटी जांच रिपोर्ट पर टिकी हैं, जिससे स्पष्ट होगा कि हादसे के लिए जिम्मेदारी किन-किन स्तरों पर तय की जाएगी।

## अतिक्रमण पर चलेगा विशेष अभियान

निरीक्षण के दौरान फुटपाथ और सड़क किनारे अतिक्रमण की समस्या भी सामने आई। इस पर कड़ा रुख अपनाते हुए संबंधित थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं। कहा फुटपाथ कब्जा एवं अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाए।

## ट्रैफिक डायवर्जन प्लान तत्काल प्रभाव से लागू

हल्द्वानी। पनचक्की रोड पर हुई हालिया घटना के बाद पुलिस प्रशासन पूरी तरह एक्शन मोड में आ गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 मंजुनाथ टी0सी0 के निर्देश पर जनसुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए व्यापक निरीक्षण और ट्रैफिक सुधार अभियान शुरू कर दिया गया है। निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार कत्याल, क्षेत्राधिकारी , प्रभारी निरीक्षक कोतवाली , थानाध्यक्ष मुखानी, थानाध्यक्ष काठगोदाम तथा यातायात निरीक्षक ने संयुक्त रूप से घटनास्थल एवं आसपास के क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। स्थिति को नियंत्रित करने हेतु प्रभावी ट्रैफिक डायवर्जन प्लान तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है। पूर्व से लागू नो-एंट्री व्यवस्था को और सख्ती से लागू करते हुए दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में प्रात: 07 बजे से 09 बजे तक दोपहर 02 बजे से 04 बजे तक भारी वाहनों की आवाजाही पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगी।

# निदेशक से मारपीट पर गुस्साए कार्मियों ने छोड़ा काम, किया प्रदर्शन

अल्मोड़ा

हमारे संवाददाता

कर्मचारी और शिक्षकों ने जिला मुख्यालय में मुख्य शिक्षाधिकारी कार्यालय परिसर में धरना देकर प्रदर्शन किया। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर गिरफ्तार करने की मांग की।

प्रारंभिक (बेसिक) शिक्षा निदेशक अजय कुमार नौडियाल से मारपीट के विरोध में विभागीय कर्मचारी और शिक्षक संयुक्त मोर्चा के बैनर तले सोमवार से कार्य बहिष्कार पर चले गए हैं। इससे दफ्तरों में काम पूरी तरह ठप रहा। कर्मचारी और शिक्षकों ने जिला मुख्यालय में मुख्य शिक्षाधिकारी कार्यालय परिसर में धरना देकर प्रदर्शन किया। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर गिरफ्तार करने की मांग की। धरना स्थल पर हुई सभा में



वक्ताओं ने कहा कि हमला सिर्फ शिक्षा निदेशक पर नहीं हुआ है बल्कि पूरे सरकारी सिस्टम पर किया गया है। हमलावरों को इस करतूत की सख्त सजा मिलनी चाहिए। सरकारी कार्यालयों में अराजकता फैलाने की आजादी किसी को भी नहीं दी जानी चाहिए। कर्मचारियों के कार्य बहिष्कार से कार्यालयों में कामकाज प्रभावित रहा। कार्यालयों में वित्त संबंधी, विभिन्न पटलों शिक्षकों, कर्मचारियों की पत्रावली, वेतन, पेंशन भुगतान सहित अन्य कार्य पूरी तरह ठप रहे। कर्मचारियों ने कहा कि अगर आरोपितों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन उग्र कर दिया जाएगा। प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष पान सिंह मेर, सचिव दुर्गा सिंह नेगी, कोषाध्यक्ष गोविंद सिंह मेहता, जगदीश सिंह, बलवंत तड़ागी, दिनेश चंद्र आर्या, दयाल सिंह, सुरेंद्र कुमार, राजेंद्र वर्मा आदि मौजूद रहे।

# हाईकोर्ट ने दी पुलिस कप्तान को 10 दिन की मोहलत

नैनीताल

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने देहरादून शहर में अवैध रूप से चल रहे ई- रिकशा के मामले में दायर याचिकाओं पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ती राकेश थपलियाल की एकल पीठ ने एसएसपी देहरादून से कहा है कि ई- रिकशा संचालकों के मामले में 10 दिन के भीतर उनकी समस्याओं का निराकरण कर निर्णय लें, साथ में कोर्ट ने याचिका को जनहित का रूप देते हुए इस मामले मे अधिवक्ता दुष्यन्त मैनली को न्यायमित्र नियुक्त कर दिया है।

बता दें सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान न्यायमित्र की तरफ से कोर्ट के संज्ञान मे लाया गया कि राज्य मे आये दिन लोग जाम से परेशान है। पार्किंग होने के बाद भी लोग निर्धारित पार्कों में अपने वाहनों को पार्क नहीं कर रहे हैं। उनके द्वारा कोर्ट के सामने दुबुई जैसे देश का उदाहरण देने के साथ साथ राज्य कि परिवहन निगम की नियमावली एंव यातायात पुलिस की नियमावली तथा कुछ समाचार पत्रों मे छपी खबर से सबंधित रिपोर्ट कोर्ट में पेश की गयी जिसमें कहा गया कि प्रदेश के शहरों को कैसे जाम मुक्त किया जा सकता। इसके लिए बनाए गए नियमों का कड़ाई से अनुपालन व जागरूकता अभियान चलाए जाने की जरूरत है। वहीं सुनवाई के दौरान दून ई- रिकसा की तरफ से कहा गया कि एसएसपी के द्वारा एक निर्णय लेकर उनके संचालन के समय को प्रतिबंधित कर दिया गया है जबकि अन्य वाहनों पर कोई प्रतिबन्ध नहीं है जिसकी वजह से ई रिकशा संचालकों के ऊपर रोजी रोटी का खतरा उत्पन्न हो गया है जो समय उनके संचालन के लिए तय किया है उस वक्त उन्हें सवारियां नहीं मिल पा रही हैं इसलिए इस आदेश पर रोक लगाई जाय ।

# अवैध डग्गामारी के खिलाफ हल्द्वानी में गरजे रोडवेज कर्मचारी

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड परिवहन निगम के समस्त संगठनों ने भरी हुंकार, अवैध संचालन और डग्गामारी के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी, हल्द्वानी बस अड्डे पर उत्तराखंड परिवहन निगम (रोडवेज) के कुमाऊं क्षेत्र के सभी सक्रिय संगठनों की एक महत्वपूर्ण सामूहिक बैठक संपन्न हुई।

इस बैठक का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में बढ़ते अवैध संचालन और डग्गामारी के कारण निगम को हो रहे आर्थिक नुकसान पर अंकुश लगाना और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना था बैठक में रोडवेज के प्रमुख संगठनों के पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिनमें मुख्य रूप से शामिल रहे।

कर्मचारियों ने पहले बैठक की उसके उपरांत बस स्टेशन में प्रदर्शन किया, बैठक में वक्ताओं ने कहा कि डग्गामारी के कारण निगम की आय पर सीधा प्रहार हो रहा है। सभी संगठनों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि यदि शासन और प्रशासन ने जल्द ही अवैध बसों और वाहनों के संचालन पर सख्ती से रोक नहीं लगाई, तो कुमाऊं क्षेत्र के समस्त रोडवेज संगठन मिलकर उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।पहले चरण में संभागीय परिवहन अधिकारी परिवहन निगम के समस्त कर्मचारी ज्ञापन प्रेषित करेंगे,बैठक में कमल पपनै, मुकेश वर्मा, उमेश जोशी,नवनीत कपिल, शंकर सिंह, आनंद बिष्ट,आंनद सिंह जीना,जगमोहन ,नवीन लोहनी, एल डी पालीवाल,मनन्दिर सिंह,विजय अधिकारी, योगेश जोशी,राम कुमार, अजय शर्मा,मनोज भट्ट,शशिकांत गौतम, मनोज मनराल,नवीन बिष्ट, कार्तिक नेगी,योगेश जोशी,शंकर नेगी, मोहिस्न एजाज, किशोरी लाल,मोहन आर्या, गोविंद बल्लभ जोशी,विजय अधिकारी, कमल तिवारी,नवीन ईटनी ,पवन कुमार,राजेश दुम्का ,दीपाल सिंह सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे।



### समाज सुधारक मुंशी हरि प्रसाद टम्टा को पुण्यतिथि पर किया याद

अल्मोड़ा। समाज सुधारक मुंशी हरि प्रसाद टम्टा को पुण्यतिथि पर याद किया गया। कांग्रेस की ओर से सोमवार को आयोजित कार्यक्रम के तहत चौघानपाटा स्थित कैप्टन सतीश चंद्र जोशी पार्क में उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर विधायक मनोज तिवारी ने कहा कि स्व. मुंशी हरि प्रसाद टम्टा का जीवन सामाजिक समरसता, समानता और पिछड़े-शोषित वर्गों के अधिकारों की लड़ाई को समर्पित रहा।

# भाविप का दिव्यांग सहायता शिविर का आयोजन

हल्द्वानी।

हमारे संवाददाता

भारत विकास परिषद शाखा हल्द्वानी द्वारा एक दिव्यांग सहायता शिविर का आयोजन पी. एस. एन. सीनियर सेकेंडरी स्कूल, लामाचौड़ में किया गया।

शिविर में चार दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर शाखा की ओर से दी गई। शाखा अध्यक्ष दीपक बख्शी ने बताया कि भारत बिकास परिषद साल भर में अनेक शिविर लगाकर जरूरतमंदों की सहायता करता है। इस मौके पर मुख्य रूप से प्रांतीय संयोजक रक्तदान



भवानी शंकर नीरज, ग्राम प्रधान त्रिवेणी गयाल, बीटीसी सदस्य गौरव बिष्ट, पीएसएन स्कूल के डायरेक्टर डॉ अभिषेक मित्तल और डॉ मोनिका मित्तल, मनीष अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, अनीष कुमार, सीमा बक्शी, एकता अग्रवाल, मीनू गुप्ता, प्रिया कुमार, अमित अग्रबाल आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# बनभूलपुरा में फ्लैग मार्च, शांति एवं सुरक्षा को लेकर पुलिस सतर्क

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

सुप्रीम कोर्ट में बनभूलपुरा रेलवे भूमि अतिक्रमण प्रकरण की सुनवाई हेतु आज नियत होने के मद्देनज़र पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। संभावित निर्णय के उपरांत क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से नैनीताल पुलिस द्वारा व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं।

डॉ. मंजुनाथ टी.सी. (एस एस पी) ने सभी अधीनस्थ अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था हर हाल में सुनिश्चित की जाए। सरकारी कार्यवाही को निर्बाध रूप से संपन्न कराने हेतु अत्याधुनिक असलाहों से लैस भारी



पुलिस बल, फायर यूनिट, टियर गैस स्क्वॉड, ड्रोन यूनिट्स एवं पीएसी की तैनाती की गई है। क्षेत्र में व्यापक स्तर पर एरिया डॉमिनेशन अभियान चलाया जा रहा है। चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात, सघन चेकिंग अभियान जारी।

संदिग्ध व्यक्तियों के विरुद्ध प्रिवेंटिव डिटेंशन की कार्यवाही की जा रही है। स्थानीय पहचान पत्र के बिना कोर क्षेत्र में प्रवेश वर्जित रहेगा।

कानून व्यवस्था प्रभावित करने की कोशिश करने वालों पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च पुलिस द्वारा रेलवे स्टेशन, लाइन नंबर-17, इन्द्रानगर बड़ी रोड, मुजाहिद चौक, गोपाल मंदिर, ठोकर, शनि बाजार रोड, छोटी रोड इन्द्रानगर, ताज मस्जिद, 16 नंबर तिराहा, गांधी नगर, लाइन नंबर-8, चोरगलिया रोड, ताज चौराहा, भारद्वाज चौराहा तथा रेलवे स्टेशन गेट सहित विभिन्न संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च निकाला गया।

फ्लैग मार्च का नेतृत्व मनोज कुमार कत्याल (पुलिस अधीक्षक हल्द्वानी) ने किया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक बनभूलपुरा दिनेश सिंह फर्त्याल, थाना पुलिस बल एवं पीएसी के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। एस एस पी ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय का सम्मान करें तथा शासन-प्रशासन का सहयोग करें।